भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3054

09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एमबीबीएस डिग्री

3054. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में एमबीबीएस की डिग्री प्रदान करने वाले चिकित्सा महाविद्यालयों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वार्षिक एमबीबीएस प्रवेश विनियम, 2020 (विनियमन) हेतु न्यूनतम अपेक्षाओं के अंतर्गत शर्तों के अनुसार मूल्यांकन किए गए देश भर के चिकित्सा महाविद्यालयों का ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि हां, तो देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में विनिर्दिष्ट विनियमों के अंतर्गत अभी तक जिन महाविद्यालयों का मूल्यांकन नहीं किया गया है, उनका ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में विगत पांच वर्षों के दौरान विनियमों के अनुसार अपेक्षित मानकों से नीचे के रूप में अभिनिर्धारित चिकित्सा महाविद्यालयों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार विशेषकर आन्ध्र प्रदेश का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): देश में 731 मेडिकल कॉलेज हैं जिनमें वर्तमान में 1,12,112 एमबीबीएस सीटों की वार्षिक प्रवेश क्षमता है। इसके अलावा, अब तक की स्थिति के अनुसार 72,627 पीजी सीटें हैं। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए देश में उपलब्ध एमबीबीएस सीटों के साथ-साथ मेडिकल कॉलेजों का राज्यवार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आयोग द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रयोजनों के लिए मेडिकल कॉलेजों का मूल्यांकन किया जाता है। पिछले वर्षों के दौरान कमी के समेकित आंकड़े (अर्थात आवश्यक मानकों से नीचे) नहीं रखे गए हैं। हालांकि, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के दौरान, एनएमसी ने आंध्र प्रदेश के सभी 37 कॉलेजों सहित देश के 684 मेडिकल कॉलेजों का मूल्यांकन किया है।

09/08/2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **3054** के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

शैक्षणिक वर्ष **2024-25** के लिए देश में उपलब्ध एमबीबीएस सीटों के साथ-साथ मेडिकल कॉलेजों का राज्यवार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	कॉलेजों की संख्या	सीटों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	114
2	आंध्र प्रदेश	37	6485
3	अरुणाचल प्रदेश	1	100
4	असम	14	1650
5	बिहार	22	2865
6	चंडीगढ़	1	150
7	छत्तीसगढ	16	2205
8	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	1	177
9	दिल्ली	10	1497
10	गोवा	1	180
11	गुजरात	40	7150
12	हरियाणा	15	2185
13	हिमाचल प्रदेश	8	920
14	जम्मू और कश्मीर	12	1339
15	झारखंड	9	980
16	कर्नाटक	73	12345
17	केरल	34	4805
18	मध्य प्रदेश	28	4850
19	महाराष्ट्र	70	10945
20	मणिपुर	4	525
21	मेघालय	1	50
22	मिजोरम	1	100
23	नगालैंड	1	100
24	ओडिशा	19	2725
25	पुदुचेरी	9	1830
26	पंजाब	12	1800
27	राजस्थान	37	5875
28	सिक्किम	1	150
29	तमिलनाडु	77	11900
30	तेलंगाना	56	8490
31	त्रिपुरा	3	425
32	उत्तर प्रदेश	72	10525
33	उत्तराखंड	9	1300
34	पश्चिम बंगाल	36	5375
	कुल	**731**	**112112**

***वर्ष 2024-25 के आंकड़े एनएमसी द्वारा नए कॉलेजों के लिए अनुमति देने/सीटों में वृद्धि के कारण भिन्न हो सकते हैं।**

*****